शुक्रवार 18 अगस्त, 2023

# केशव टाइम्स

डिजिटल संस्करण

आपकी आवाज





नई दिल्ली में किसी से भेंट का कार्यक्रम नहीं था: नीतीश कुमार

2



### जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री का वीडियो वायरल

## भारत के सभी मुसलमान पहले हिंदू ही थे: आजाद

♦ जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री बोले- इस्लाम धर्म केवल 1,500 साल पहले अस्तित्व में आया हिन्दू धर्म बहुत पुराना



**एजेंसी/नई दिल्ली**

डेमोक्रेटिक प्रोग्रेसिव आजाद पार्टी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने कहा कि अधिकतर भारतीय मुसलमान हिंदू धर्म से परिवर्तित हुए हैं, जिसका एक उदाहरण कश्मीर घाटी में देखा जा सकता है जहां अधिकांश कश्मीरी पंडितों ने इस्लाम धर्म अपना लिया। आजाद ने कहा कि धर्म का इस्तेमाल राजनीतिक लाभ लेने के लिए नहीं किया जाना चाहिए और जो कोई भी राजनीति में धर्म की शरण लेता है वह कमजोर है। डीपीएपी के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने डोडा जिले में एक जनसभा में कहा, भाजपा के कुछ नेताओं ने कहा कि कुछ मुसलमान बाहर से आए हैं और कुछ नहीं। कोई भी बाहर या अंदर से नहीं आया है। इस्लाम धर्म केवल 1,500 साल पहले अस्तित्व में आया। हिन्दू धर्म बहुत पुराना है। उनमें से लगभग 10-20 मुसलमान बाहर से आए होंगे, जिनमें से कुछ मुगल सेना में भी थे।

जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, भारत में अन्य सभी मुसलमान हिंदू धर्म से परिवर्तित हो गए। इसका उदाहरण कश्मीर में देखने को मिलता है। 600 साल पहले कश्मीर में मुसलमान कौन थे? सभी कश्मीरी पंडित थे। वे इस्लाम में परिवर्तित हो गये। सभी हिंदू धर्म में पैदा हुए हैं।

आजाद ने कहा, जब हिंदू मरते हैं, तो उनका अंतिम संस्कार किया जाता है। उनके शवों को अलग-अलग जगहों पर जलाया जाता है. उनकी राख को नदी में डाल दिया जाता है, जो पानी में मिल जाती है और हम वही पानी पीते हैं। उन्होंने कहा, बाद में कौन देखता है कि पानी में उनकी जली हुई राख है? लोग वही पानी पीते हैं।

आजाद ने कहा, उसी प्रकार मुसलमानों का मांस और हड्डियां देश की मिट्टी में मिल जाती हैं। वे भी इस भूमि का हिस्सा बन जाते हैं। उनका मांस, उनकी हड्डियां भारत माता की मिट्टी का हिस्सा बन जाती हैं। इस भूमि में हिंदू और मुसलमान दोनों समाहित हो जाते हैं। उनमें क्या अंतर है?

**धर्म को वोट के लिए इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए:** आजाद ने वोट के लिए धर्म के इस्तेमाल पर कटाक्ष करते हुए कहा, राजनीति में जो भी धर्म का आश्रय लेता है वह कमजोर होता है। राजनीति में धर्म को वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल नहीं किया जाना चाहिए। वोट हिंदू और मुस्लिम नामों पर आधारित नहीं होना चाहिए।

## गुलामी वाली मानसिकता को दिमाग से निकालना होगा: वित्त मंत्री

**एजेंसी/नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को कहा कि गुलामी वाली मानसिकता को दिमाग से निकालकर ही 2047 तक विकसित भारत का सपना साकार हो सकेगा। उन्होंने कहा, हमें खुद को ब्रिटिशों द्वारा स्थापित की गई गुलामी वाली मानसिकता से आजाद करना होगा। तभी भारत 2047 में विकसित भारत बन सकेगा। सीतारमण के साथ कार्यक्रम में मौजूद लोगों ने शपथ को पढ़ा जिसमें कहा गया, 'हम भारत को वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर बनाने की शपथ लेते हैं, हम औपनिवेशिक मानसिकता की हर निशानी को हटाने की शपथ लेते हैं, हम शपथ लेते हैं कि अपनी विरासत का जश्न मनाएंगे, हम एकता को मजबूत करने एवं देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करने की शपथ लेते हैं और हम शपथ लेते हैं कि एक नागरिक की सभी जिम्मेदारी निभाएंगे। इस दौरान सीतारमण के साथ केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान भी कार्यक्रम में मौजूद रहे।

## चीन नौ साल से भारत को आंख दिखा रहा, मोदी चुप हैं: केजरीवाल

**एजेंसी/नई दिल्ली**



आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने चीन मुद्दे को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने गुरुवार को कहा कि चीन पिछले 9 साल से भारत को आंख दिखा रहा है लेकिन पीएम मोदी एकदम चुप हैं। पीएम के मुंह से चीन शब्द तक नहीं निकलता है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा, मुझे याद है अक्टूबर 2019 में चीन के राष्ट्रपति भारत आए थे। तमिलनाडु के महाबालेश्वर में पीएम मोदी और राष्ट्रपति शी जिनपिंग हाथ से हाथ मिलाकर मंदिर में घूम रहे थे. इसकी तस्वीरें भी खींची गई थीं और 15 जून 2020 को चीन की सेना ने गलवान घाटी में हमारे जवानों पर हमला कर हमारे 20 सैनिकों को मौत के घाट उतार दिया।

अरविंद केजरीवाल ने दावा करते हुए कहा, बीजेपी वाले जवाहरलाल नेहरू को गाली देते हैं। कम से कम नेहरू ने चीन की आंखों में आंखे डालकर उनके साथ युद्ध तो किया था। इन्होंने (बीजेपी) तो सीधे सरेंडर ही कर दिया। चीन ने हमपर हमला किया और हमारे 2000 स्क्वायर किलोमीटर एरिया ले लिया और बीजेपी ने बदले में चीन को इनाम दिया। उन्होंने कहा, 2018-19 में चीन के साथ हमारा व्यापार 87 बीलियन डॉलर का था। उसको डेढ़ गुना करके साल 2022-23 में यह 114 बीलियन डॉलर का व्यापार हो गया। मैं आज देश के लोगों से पूछना चाहता हूं आपको धंधा करने वाला प्रधानमंत्री चाहिए, आपको बिजनेसमैन प्रधानमंत्री चाहिए या देश की रक्षा और देश का सम्मान करने वाला पीएम चाहिए।

अरविंद केजरीवाल ने कहा, मैं पीएम से कहना चाहता हूं कि आंख दिखाने की हिम्मत तो जुटाओ हाथ में हाथ डालकर घूमने से इश्क होता है कूटनीति नहीं होती है। केजरीवाल ने कहा अडानी का घोटाला हुआ।

इसके साथ ही केजरीवाल ने मणिपुर हिंसा को लेकर भी पीएम मोदी पर निशाना साधा। उन्होंने पीएम पर मणिपुर में जातीय हिंसा पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि पीएम मोदी कम से कम शांति की अपील कर सकते थे। जब भी देश में संकट की स्थिति आती है तो प्रधानमंत्री चुप्पी साध लेते हैं। प्रधानमंत्री पिता तुल्य हैं लेकिन उन्होंने मणिपुर की बेटियों से मुंह मोड़ लिया। पीएम अपने कमरे में बैठे रहे। पूरा देश प्रधानमंत्री की चुप्पी का कारण पूछ रहा है।

## नेहरूजी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं: राहुल गांधी

**एजेंसी/नई दिल्ली**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलने पर प्रतिक्रिया दी है। गुरुवार को उन्होंने कहा कि नेहरू जी की पहचान उनके कर्म हैं, उनका नाम नहीं। राहुल गांधी का बयान उनके लद्दाख के दौरे पर रवाना होने से पहले आया है। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर नई दिल्ली के तीन मूर्ति परिसर स्थित नेहरू मेमोरियल म्यूजियम का नाम बदलकर पीएम म्यूजियम एंड लाइब्रेरी कर दिया गया। इस बारे में 15 जून 2023 को राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई बैठक में फैसला लिया गया था, जिसे स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर औपचारिक रूप दिया गया।

केंद्र शासित बनने के बाद राहुल गांधी पहली बार लद्दाख के दौरे में लेह और कारगिल जाएंगे। इस दौरान वे पार्टी नेताओं और कार्यकताओं से मुलाकात करेंगे। राहुल की गैर मौजूदगी के कारण ही लोकसभा चुनाव तैयारी के सिलसिले में आज होने वाली बिहार प्रदेश कांग्रेस की बैठक टाल दी गई।



### कारगिल हिल काउंसिल को लेकर गहमागहमी

राहुल गांधी अपने दौरे में कारगिल भी जाएंगे, जहां अगले महीने हिल काउंसिल के चुनाव होने हैं। इस वजह से राहुल की यात्रा को काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। वे वहां पर कांग्रेस कार्यकताओं में जोश भरेंगे। कारगिल हिल काउंसिल के चुनाव के लिए कांग्रेस ने नेशनल कॉन्फ्रेंस के साथ गठबंधन किया है। अविश्वास प्रस्ताव पर जब राहुल गांधी संसद में बोल रहे थे। तब उन्होंने भारत जोड़ो यात्रा की बात करते हुए कश्मीर तक की यात्रा का जिक्र किया था तो लद्दाख के सांसद ने लद्दाख न आने की बात कही थी जिस पर राहुल गांधी ने जवाब दिया था कि जल्द ही वहां भी आऊंगा।

## बिबेक देबरॉय के संविधान को लेकर लिखे लेख पर घमासान

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के चेयरमैन बिबेक देबरॉय के संविधान को लेकर लिखे लेख पर राजनीतिक घमासान शुरू हो गया है। जेडीयू और आरजेडी ने लेख को लेकर बीजेपी पर हमला बोला है। जेडीयू के राष्ट्रीय सचिव राजीव रंजन ने कहा, बिबेक देबरॉय ने जो कहा है उसने बीजेपी, आरएसएस के घृणित सोच को फिर सामने ला दिया है। राजीव रंजन ने कहा, इस तरह की कोशिशों को भारत कभी स्वीकार नहीं करेगा। उन्होंने भारत के संविधान को दुनिया का सर्वश्रेष्ठ संविधान बताया और कहा कि बिबेक देबरॉय चाटुकारिता कर रहे हैं।

**क्या है लेख में:** बिबेक देबरॉय ने द मिंट में लिखा है कि हमारा मौजूदा संविधान काफी हद तक 1935 के भारत सरकार अधिनियम पर आधारित है। लिखा है कि कुछ संशोधनों से काम नहीं चलेगा। हमें ड्राइंग बोर्ड पर वापस जाना चाहिए और पहले सिद्धांतों से शुरू करना चाहिए, यह पूछना चाहिए कि प्रस्तावना में समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक, न्याय, स्वतंत्रता और समानता जैसे शब्दों का अब क्या मतलब है।

## यूपी एटीएस ने बलिया से पांच नक्सलियों को किया गिरफ्तार



**केटी न्यूज/बलिया**

स्वतंत्रता दिवस के दिन यूपी एटीएस ने बलिया जिले के सहतवार थाना क्षेत्र के एक गांव से महिला समेत पांच नक्सलियों को गिरफ्तार कर साथ लेकर चली गई। जिनके विरुद्ध लखनऊ में सम्बंधित धाराओं में मुकदमा एटीएस ने दर्ज करवाया।

बताया जाता है कि सभी आरोपी बलिया में मीटिंग कर रहे थे, तभी एटीएस ने तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश वर्मा, राम मूरत, विनोद साहनी को गिरफ्तार कर लिया। इसकी पुख्ता सूचना मिलने पर एटीएस की टीम ने छापा मारकर बलिया निवासी तारा देवी, लल्लू राम, सत्य प्रकाश, राममूरत और विनोद साहनी को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से नाइन एमएम की पिस्टल, कारतूस, सात मोबाइल, लैपटॉप, प्रतिबंधित संगठन का नक्सली साहित्य, पम्पलेट और दस हजार रुपये बरामद हुए हैं।

स्पेशल डीजी प्रशांत कुमार ने बताया कि गिरफ्तार नक्सलियों में नक्सल प्रशिक्षण प्राप्त महिला नक्सली तारा देवी उर्फ मंजू उर्फ मनीषा भी शामिल है। इसके अलावा लल्लू राम उर्फ अरुन राम, सत्य प्रकाश वर्मा, राम मूरत तथा विनोद साहनी को भी गिरफ्तार किया गया है। सभी पांचों नक्सली बलिया जिले के रहने वाले हैं।






### पटना पहुंचे बिहार के सीएम ने पत्रकारों को दिया जवाब

# दिल्ली में किसी से भेंट का कार्यक्रम नहीं था: नीतीश

◆ भाजपा पर बोला हमला- कहा, जब हम साथ थे तो कभी एनडीए की मीटिंग नहीं हुई, लेकिन अब कम से कम बैठकें होने लगी हैं

**केटी न्यूज/पटना**

बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार राजधानी दिल्ली की यात्रा पर गए और बिना किसी से मिले एक दिन में ही वे पटना लौट आए। पटना एयरपोर्ट पर पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा- चेकअप कराने गया था। मेरे आंख में कुछ दिक्कतें हो रही थीं, जिसका चेकअप कराना था। नीतीश कुमार ने किसी से मुलाकात न होने के सवाल पर कहा, किसी से मिलने नहीं गया था। मुलाकात का कोई कार्यक्रम नहीं था। बोले, कल डॉक्टर से बात भी हुई, चेकअप कराना था। अटल जी की जयंती भी थी। अटलजी से मेरा पुराना संबंध रहा है। वे मुझे बहुत मानते थे। इतना अच्छा काम करते थे, कभी वो रिश्ता हम नहीं भूल सकते। एनडीए का नाम उन्ही के समय पड़ा। 1999 में एनडीए का नामकरण हुआ। भाजपा पर हमला बोलते हुए सीएम नीतीश ने कहा, जब हम साथ-साथ थे तो कभी एनडीए की मीटिंग नहीं हुई, लेकिन अब कम से कम एनडीए की बैठकें होने लगी हैं।



### प्रशांत किशोर क्या बोलता है, नहीं पता

दिल्ली दौरे पर विपक्षी पार्टियों के किसी नेता से मुलाकात नहीं होने पर उन्होंने कहा, किसी से मुलाकात का कोई प्लान नहीं था। इसी महीने मीटिंग होने ही वाली है। जब इंडिया बन गया, तब एनडीए की मीटिंग हो रही है। सीएम ने कहा, कई विरोधी दलों का गठबंधन हुआ तब से ये लोग परेशान हैं। वहीं, प्रशांत किशोर को लेकर सीएम नीतीश ने कहा, वो क्या बोलता है, नहीं पता। आप लोग जनता से पूछिए। उन्होंने कहा, वो लोग बिना मतलब का सब बोलते रहता है। मीडिया पर सब कब्जा कर लिया है। संजय जयसवाल के बयान पर सीएम ने कहा कि, यहां कोई आपराधिक घटना नहीं हो रही है। आपराधिक घटनाएं बहुत कम हैं।

### नीतीश का कोई भाव नहीं रह गया है: सम्राट

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के दिल्ली से पटना वापस आने पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने साधा है। उन्होंने कहा कि अब नीतीश कुमार का कोई भाव नहीं रह गया है जिसके चलते वो टाइम मांगते रहे लेकिन वहां उन्हें मिलने के लिए किसी ने समय नहीं दिया। किसी भी गठबंधन के लोगों ने इनको भाव ही नहीं दिया होगा। इसके चलते नीतीश कुमार दिल्ली से बिना किसी से मिले ही बिहार लौट आएं। सम्राट चौधरी ने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर झंडोत्तोलन के बाद मुख्यमंत्री ने जो जो वादे किए उन्हें शायद खुद भी याद नहीं रहा होगा क्योंकि उनका भाषण किसी और ने लिखा होगा। बार-बार कहता हूं कि वो बीमार हैं।

## कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ बैठक अचानक कैंसिल

**पटना।** कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के साथ बिहार प्रदेश कांग्रेस के नेताओं के साथ मीटिंग तय थी। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के बुलावे पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष डॉ. अखिलेश सिंह, विधायक दल के नेता शकील अहमद खान समेत कई वरीय नेता मीटिंग में शामिल होने दिल्ली भी गए। लेकिन, बुधवार रात अचानक मीटिंग कैंसिल कर दी गई। वजह जो बताई गई वह चौंकाने वाली थी। कहा गया कि हिमाचल प्रदेश की आपदा को लेकर राहुल गांधी वहां जा रहे हैं। इसलिए बिहार कांग्रेस की बैठक स्थगित की जाती है। अगली बैठक से पूर्व सूचना दे दी जाएगी।

इधर, सूत्रों की मानें तो बिहार प्रभारी भक्त चरण दास और प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अखिलेश ने बिहार कमेटी के कांग्रेस नेताओं का नाम अलग-अलग दिया है। इस कारण कॉर्डिनेशन नहीं बन पा रहा। दोनों नेताओं के बीच मतभेद को देखते हुए भी मीटिंग बुलाई गई थी। दोनों नेता एक-दूसरे के चयन से असहमत थे। कमेटी के नाम पर एक साथ सहमत नहीं होने से बैठक में दोनों के समर्थक एक-दूसरे का विरोध कर सकते थे। इसलिए बिहार कांग्रेस की बैठक फिलहाल स्थगित कर दी गई है। अगली बैठक कब होगी, इस पर जानकारी नहीं दी गई है। सूत्र यह भी बता रहे हैं कांग्रेस विधायक प्रतिमा दास नाराज चल रही हैं। बताया जा रहा है कि बिहार कांग्रेस प्रभारी भक्त चरण दास से प्रतिमा दास नाराज हो गई हैं। उन्होंने प्रभारी पर महिला और दलित विरोधी होने का भी आरोप लगाया।

# मौसा ने ही की थी मासूम के अपहरण के बाद हत्या

**केटी न्यूज/पटना**

सीतामढ़ी जिले के के परसौनी थाना के परसौनी बाजार से अपहत बालक का शव पुलिस ने बरामद किया है। इस मामले में पुलिस ने पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि स्कूली छात्र आदर्श कुमार का पहले अपहरण किया गया था, फिर उसकी हत्या कर उसके शव को झाड़ियों में फेंक दिया गया। अपहरणकर्ता के द्वारा बालक के शव को तेजाब से जलाने की कोशिश भी की गई, जिससे शव का शिनाख्त नहीं किया जा सके। साजिशकर्ता आदर्श का मौसा ही निकला। वहीं, इस मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है।

इस मामले को लेकर पुलिस ने अपहरण कर हत्या के आरोप में मिश्री साह, उसके भाई समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। बच्चे के शव को शिवहर जिला के बागमती नदी पर बने डुब्बा



पुल के समीप झाड़ियों में फेंक दिया गया था, जहां से पुलिस ने बरामद किया है और उसे पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। बताया जा रहा है कि स्वतंत्रता दिवस के दिन बच्चे का अपहरण कर लिया गया था। आदर्श राष्ट्रीय पर्व में शामिल होने के लिए घर से निकला था। आदर्श जब घर वापस नही लौटा तो परिवार वालों में खलबली मच गई। इस मामले को लेकर आदर्श की मां ने परसौनी थाने में एक मामला दर्ज कराया। पुलिस ने जब मामले की जांच की तब परिवार वालों के होश उड़ ही गए।

आठ साल के बच्चे के मौसा ने इस पूरे किडनैपिंग की साजिश रची थी और उसके इस नापाक काम में स्कूल वैन के ड्राइवर ने उसकी मदद की थी। स्कूल बैन के ड्राइवर पिंकू उपाध्याय ने बच्चे को अगवा कर उसे उसके मौसा को सौंप दिया था। पुलिस जांच में यह बात सामने आई है कि मिश्री साह ने इस घटना को अंजाम इसलिए दिया कि उसे शक था, उसकी पत्नी का नाजायज संबध आदर्श के पिता यानी उसके साढू के साथ है। मिश्री साह आदर्श का मौसा है। पुलिस ने इस मामले में मिश्री साह के अलावा मंटू लाल साह, रीगा के रामपुर निवासी राम बालक साह, पुनौरा निवासी जयलाल साह और स्कूल वैन के चालक पिंकू उपाध्याय को गिरफ्तार किया है।

## पटना के 25 शिक्षकों ने ओवर टाईम ड्यूटी करने से किया मना

**केटी न्यूज/पटना**

पटना जिले के पच्चीस शिक्षकों ने केके पाठक का आदेश मानने से इनकार कर दिया है. इसके बाद पटना डीएम ने सभी शिक्षकों से 24 घंटे में स्पष्टीकरण देने को कहा है। साथ ही वेतन को भी रोक दिया गया है। पटना के जिलाधिकारी ने इस संबंध में आदेश जारी कर दिया है।

पटना डीएम ने अपने आदेश में कहा है कि 16 अगस्त को जाति आधारित गणना काम के लिए पर्यवेक्षकों का प्रशिक्षण कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। चार्ज पदाधिकारी सह दनियावां के प्रखंड विकास पदाधिकारी ने जानकारी दी कि प्रशिक्षण कार्यक्रम में 25 पर्यवेक्षक उपस्थित नहीं हुए। साथ ही फोन पर बातचीत में अनुपस्थित पर्यवेक्षकों ने बताया कि हम विद्यालय अवधि के बाद कार्य करने को बाध्य नहीं हैं। जबकि शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव का स्पष्ट आदेश है कि विद्यालय अवधि के बाद ही प्रगणक या पर्यवेक्षक द्वारा जाति आधारित गणना का कार्य किया जाएगा। शिक्षकों का यह कृत्य अनुशासनहीनता एवं महत्वाकांक्षी कार्यक्रम में व्यावधान डालने की मंशा को दशार्ता है।

## मुजफ्फरपुर में दवा कारोबारी से आठ लाख रु की छिनतई

**केटी न्यूज/पटना**

मुजफ्फरपुर में सदर थाना से महज 100 मीटर की दूरी पर स्थित एसबीआई भगवानपुर शाखा के गेट के सामने बाइकर गैंग के बदमाशों ने दवा और जनरल स्टोर के व्यापारी से 8 लाख रुपए छीन लिया। घटना गुरूवार सुबह साढ़े 11 बजे की है। व्यवसाई सरोज कुमार भगवानपुर के रहने वाले हैं। वो निकासी कर अपने चचेरे भाई अमित कुमार के साथ बैंक से निकले। कैश झोला में रखा था। सरोज रुपए लेकर पीछे बाइक पर बैठे हुए थे और अमित गाड़ी चला रहा था। बैंक से निकलकर जैसे ही मुख्य सड़क एनएच 28 पर पहुंचे ही थी कि तभी पीछे से आए बाइक सवार दो अपराधियों ने झपट्टा मारकर रुपए वाला झोला छीन लिया।

व्यवसाई सरोज और उसके भाई अमित कुछ दूर तक शोर मचाते हुए पीछा किया, लेकिन पलक झपकते ही दिनों बाद सवार बदमाश रफूचक्कर हो गए। सरोज ने बताया कि उन्होंने बकाया रुपया अदा करने के लिए बैंक से निकासी की थी। दोनों बदमाशों में बाइक चलाने वाला नीले रंग का कपड़ा पहना हुआ था और हेलमेट लगाए हुए था। जबकि रुपए वाला झोला झपटने वाला बदमाश सफेद शर्ट-पैंट पहने हुआ था।



# कवायद... बलिहार हाई स्कूल के खेल मैदान में बनेगा मिनी स्टेडियम

- डीपीआरओ और सिमरी सीओ ने किया निरीक्षण
- स्टेडियम निर्माण के लिए मैदान को हरी झंडी मिलने के बाद शुरू होगा निर्माण

**केटी न्यूज/सिमरी**

स्थानीय प्रखंड के बलिहार हाई स्कूल के खेल मैदान में मिनी स्टेडियम का निर्माण होगा। गुरूवार को जिला व प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों की टीम ने इस मैदान का निरीक्षण कर मिनी स्टेडियम



निर्माण की संभावनाओं को तलाशा। टीम में बक्सर डीपीआरओ उमेश कुमार भारती, सिमरी सीओ आदित्य कुमार शामिल थे। वही बलिहार हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक उमेश सिंह, शिक्षक अशोक सिंह, राजस्वकर्मी केके ओझा, बीडीसी अंगद सिंह तथा स्थानीय अमीन भी मौके पर मौजूद थे। अधिकारियों द्वारा दिए गए इनपुट के आधार पर ही इस मैदान का चयन जिला प्रशासन द्वारा मिनी स्टेडियम के लिए किया जाएगा। इसके बाद इसका प्रस्ताव राज्य सरकार व खेल मंत्रालय को भेजा जाएगा। वहां से स्वीकृति मिलने के बाद स्टेडियम निर्माण शुरू हो जाएगा।

ग्रामीण क्षेत्र के किशोरों तथा युवाओं के कौशल को निखारने तथा उन्हें खेलकूद की अपनी क्षमताओं को तराशने के लिए मैदान उपलब्ध कराने की नियत से राज्य सरकार द्वारा मिनी स्टेडियम निर्माण की योजना बनाई गई है। गुरूवार को अधिकारियों द्वारा निरीक्षण किए जाने से स्थानीय ग्रामीणों में हर्ष की लहर दौड़ गई है।

इस संबंध में बलिहार हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक ने बताया कि डीपीआरओ व सीओ द्वारा इस मैदान का निरीक्षण कर संतोष जताया गया है। उन्होंने उम्मीद जताया कि इस मैदान का चयन मिनी स्टेडियम के लिए होगा। बता दें कि मिनी स्टेडियम निर्माण के लिए 115 मीटर लंबा व 95 मीटर चौड़ा मैदान की आवश्यकता होती है। जो इस हाई स्कूल के खेल मैदान में मौजूद है। इस कारण भी यह उम्मीद जताया जा रहा है कि निरीक्षण के बाद इसका चयन आसानी से हो जाएगा। वही बीडीसी अंगद सिंह ने कहा कि मिनी स्टेडियम का निर्माण होने से इलाके के युवाओं को अपना खेल कौशल निखारने में मदद मिलेगा। उन्होंने कहा कि यह स्टेडियम दियारा क्षेत्र के युवाओं के लिए वरदान साबित हो सकता है।

## शुद्ध सावन मास शुरू होते ही बढ़ी काली आश्रम की रौनक



**डुमरांव।** गुरुवार से शुद्ध सावन मास शुरू हो गया। शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा से ही नगर पंचित मां काली आश्रम में महिलाओं द्वारा चल चढ़ाने की प्रक्रिया शुरू होती है जो सप्तमी तक चलती है। सप्तमी को नगर देवी की वार्षिक पूजा धूम धाम से किया जाता है। गुरूवार से ही शहर की श्रद्धालु महिलाओं द्वारा मां काली का जल अर्पण करने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। सुबह होते ही सैकड़ो की संख्या में महिलाओं ने जलाभिषेक किया। उनके जल चढ़ाने का सिलसिला सुबह के दस बजे तक जारी रहा।

मंदिर पूजा समिति के अध्यक्ष भगवान जी वर्मा ने बताया कि इस बार 23 अगस्त को सावन शुक्ल पक्ष की सप्तमी तिथि पड़ रही है। उस दिन अहले सुबह से ही वैदिक विधान से मां काली की पूजा व हवन किया जाएगा। इस अवसर पर एक विशाल मेले लगता है।

## चंद्रमा यादव हत्याकांड: दूसरे दिन भी नहीं दर्ज हुआ एफआईआर

# उठे सवाल... संपत्ति के लिए कहीं अपनों ने ही तो नहीं कर दी हत्या



**केटी न्यूज/डुमरांव**

कृष्णाब्रह्म थाना क्षेत्र के लेवाड़ गांव में मंगलवार की रात हुए अधेड़ चंद्रमा यादव हत्याकांड में गुरूवार को भी परिजनों द्वारा प्राथमिकी दर्ज नहीं कराई गई। वैसे मृतक के दोनों पुत्र गुजरात से आ चुके हैं तथा मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया गया है। लेकिन परिजन शाम तक इस हत्याकांड की शिकायत दर्ज कराने थाना पर नहीं पहुंचे थे। जिससे कई सवाल खड़े हो रहे हैं। वहीं सूत्रों की मानें तो पुलिस इस हत्याकांड का शीघ्र उद्भेदन करने की तैयारी में है। पुलिस को सिर्फ इंतजार परिजनों द्वारा एफआईआर दर्ज कराने की है। वही जानकारों की मानें तो इस हत्याकांड में अपनों के दामन दागदार होने से इंकार नहीं किया जा सकता है। बता दें कि मंगलवार की रात लेवाड़ गांव के 60 वर्षीय चंद्रमा यादव की हत्या दलान में सोए अवस्था में धारदार हथियार से कर दी गई थी। इस हत्याकांड की जानकारी मिलते ही पुलिस ने इसे गंभीरता से लिया तथा एसडीपीओ अफाक अख्तर अंसारी न सिर्फ घटना स्थल पहुंचे बल्कि तुरंत डॉग स्क्वायड व फारेंसिक टीम को भी बुलाया गया। सूत्रों की मानें तो पुलिस इस हत्याकांड का तार संपति विवाद से जोड़कर देख रही है।

## 15 दिन बीतने के बाद भी गिरफ्त से दूर हैं पुलिस टीम पर हमला करने वाले

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव अनुमंडल के पुलिस प्रशासन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। पुलिस के आपसी तालमेल के अभाव से न सिर्फ अपराधी व लूटेरों की पौ बारह है बल्कि शराब तस्कर भी अब पुलिस को आंख दिखाने लगे है। एक तरफ शराब तस्कर छापेमारी करने गई पुलिस टीम पर हमला कर रहे है तो दूसरी तरफ पुलिस उन्हें एक पखवाड़े में भी गिरफ्तार नहीं कर पा रही है। जो पुलिस की लाचारी को बयां कर रही है।

बता दें कि 2 अगस्त की देर रात सिमरी पुलिस पर बलिहार गांव में शराब तस्करों के परिजनों ने हमला किया था जबकि 3 अगस्त की देर शाम मौडीहा दलित बस्ती में शराब होने की गुप्त सूचना पर गई सोनवर्षा ओपी पुलिस टीम बस्तीवालों ने हमला कर दिया था। इस हमले में ओपी प्रभारी गंभीर रूप से जख्मी हुए थे। उनका एक हाथ भी टूट गया था। जबकि पुलिस के एक अन्य जवान भी जख्मी हुआ था। दोनों घटनाएं 24 घंटे के अंदर हुई थी। लेकिन वरीय पदाधिकारियों ने पुलिस टीम पर हमला करने वालों की गिरफ्तारी के लिए कोई ठोस रणनीति नहीं बना पाई। जिसका परिणाम है कि एक पखवाड़े बाद भी दोनों घटनाओं के हमलावर पुलिस की पकड़ से दूर है।

इन घटनाओं के बाद एक तरफ जहां अनुमंडल पुलिस का मनोबल गिरा हुआ है वही दूसरी तरफ शराब तस्कर बेखौफ हो रहे हैं। जानकारों की मानें तो इसके पहले कभी ऐसी नौबत नहीं आई थी कि पुलिस टीम पर हमला करने वाले एक पखवाड़े बाद भी गिरफ्त से बाहर हो। बता दें कि ऐसी घटनाओं के बाद पुलिस की तत्काल व उग्र प्रतिक्रिया लोगों को झेलनी पड़ती थी। लेकिन इस बार ऐसा नहीं हो सका है। कारण चाहे जो भी हो, लेकिन पुलिस टीम पर हमला करने वालों को गिरफ्तार करने में पुलिस की शिथिलता बिना कहे सबकुछ बयां कर रही है।

## नगर परिषद के पुराना कार्यालय परिसर से दिनदहाड़े ठेला चोरी

**डुमरांव।** डुमरांव नगर परिषद के पुराने कार्यालय परिसर से एक चोर ने गुरूवार को दिन दहाड़े एक ठेला चोरी कर ली। हालांकि चोर की करतूत इसी परिसर में स्थित एक दुकान के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है। घटना अपराह्न तीन बजे की है। पीड़ित ठेला चालक नगर के चिकटोली मोहल्ले के आजाद कुरैशी ने बताया कि वह अपना ठेला नगर परिषद कार्यालय परिसर में खड़ा कर खाना खाने आया था। खाना खाकर जब वापस गया तो ठेला वहां से गायब था। ठेला चोरी होने के बाद वह देर शाम तक शहर में घुम घुमकर अपने ठेले की तलाश करते रहा। लेकिन सफलता नहीं मिली।

## शराब की खेप के साथ तस्कर गिरफ्तार

**सिमरी।** सिमरी पुलिस ने थाना क्षेत्र के दुबौली सिंहनपुर त्रिमुहानी के पास बुधवार की रात गश्त अभियान के दौरान एक शराब कारोबारी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उसकी बाइक भी जब्त कर ली है। गिरफ्तार कारोबारी अतुल कुमार इसी थाना क्षेत्र के डुमरी गांव का रहने वाला है। उसके पास से 8 पीएम ब्रांड के 144 फ्रुटी पैक शराब बरामद हुआ है। आवश्यक पूछताछ के बाद उसे जेल भेज दिया गया है। थानाध्यक्ष अमन कुमार ने इसकी पुष्टि की है।

## विचार

# आखिर चांद पर क्यों लगी है दुनिया की डीठ



**पंकज भारद्वाज**
लेखक



चांद, जो कभी बच्चों का मामा हुआ करता था, जिसे लेकर ढेर सारी कहानियां, लोरियां गढ़ी गईं, उसी पर अब दुनिया की डीठ है। एक और बात कि चांद मामा तो रहा, लेकिन हमेशा दूर का...चंदा मामा दूर के। लेकिन, विज्ञान और विकास की नई इबारत लिख रहा धरती का इंसान अब इस दूरी को नापने की क्षमता पैदा कर चुका है। चांद अब दूर नहीं रह गया। करीब चार लाख किलोमीटर दूर चांद तक इंसान सबसे पहली बार 1969 में पहुंचा। अमेरिका के नील आर्मस्ट्रांग चांद पर कदम रखने वाले धरती के पहले इंसान थे। तब से लेकर अब तक न जाने कितने मून मिशन लांच हुए। अब भी हो रहे हैं। अमेरिका, चीन, भारत, रूस... दुनिया का हर ताकतवर देश चांद तक अपनी पहुंच बनाना चाहता है। अभी भारत का चंद्रयान-3 रास्ते में है, तभी रूस ने भी अपना लूना-25 चांद के लिए रवाना कर दिया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा भी करीब पचास सालों बाद चांद पर इंसानों को भेजने की तैयारी में लगी है। सबसे बड़ी बात कि एक-एक मून मिशन पर हमारी-आपकी समझ से बाहर की रकम खर्च होती है। हजारों करोड़ रुपए। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर क्या वजह है कि इतनी भारी-भरकम राशि खर्च कर धरती का इंसान चांद पर जाना चाहता है, जबकि वह धरती पर कायदे से जी ही रहा है? आखिर यह चाह उपजी कैसे? अब कोई चाह यूं ही तो उपजती नहीं। अपनी कोख में मुकम्मल वजह लिए रहती है। चांद पर पहुंचने की दुनिया में लगी होड़ के पीछे भी पूरी वजह है।
दरअसल, दुनियावी वर्चस्व स्थापित करने में मून मिशन का अपना अलग रोल है। चांद तक पहुंचना बच्चों का खेल नहीं। अभी तक दुनिया के सिर्फ चार देश ही चांद तक पहुंच पाए हैं। अमेरिका, रूस और चीन के साथ इस सूची में अपना भारत भी है। चांद पर पहुंचने का ग्लैमर वर्ल्ड वाइड एफेक्ट डालता है। वहीं अब तक के हुए रिसर्च से जो पता चला है उसके मुताबिक चांद पर हीलियम-3 काफी मात्रा में मौजूद है। नासा के मुताबिक करीब तीस लाख टन। धरती पर इसका पूरी तरह अभाव है। यदि चांद पर मौजूद हीलियम-3 को इंसान धरती पर ले आया, तो अलग तरह की क्रांति होगी। इसका फ्यूजन करके काफी परमाणु ऊर्जा पैदा की जा सकती है। कुछ अन्य खनिज तत्व भी हैं, जो बेशकीमती हैं। चांद के पेट में छिपा यह खजाना भी दुनिया के ताकतवर देशों को बेचैन किए हुए है।
2008 में भारत की तरफ से भेजे गए चंद्रयान-1 के प्रोब ने दुनिया को यह तो बता ही दिया है कि चांद पर पानी बर्फ के रूप में मौजूद है। प्रोब ने उसकी सतह पर पानी के अणु पाए थे। बाद में इसकी पुष्टि नासा ने भी की थी। खैर, यह पता लगने के बाद चांद पर जीवन की संभावना तलाशने की कवायद शुरू हो गई। चांद पर बस्तियां बसाने का जुगाड़ लगाया जाने लगा। हालांकि यह सब इतना आसान नहीं है। इसमें वक्त लगेगा। फिलहाल तो चांद की सतह और सतह के नीचे छिपे रहस्यों का पता लगाने की कोशिश हो रही है। चूंकि चंद्रमा पर वातावरण नहीं है, इसलिए वहां अपरदन (क्षरण) की क्रिया नहीं होती। जो कुछ है, अरबों साल से अपनी मूल अवस्था में पड़ा है। वैज्ञानिकों का मानना है कि चंद्रमा की सतह पर सौरमंडल के निर्माण के समय के सारे प्रमाण सुरक्षित हैं। चंद्रमा की सतह का कायदे से अध्ययन कर लिया गया, तो उससे सौरमंडल की उत्पत्ति के बारे में बहुत कुछ पता चल सकता है। यही नहीं, चंद्रमा पर अन्य ग्रहों की तरह टेक्टॉनिक एक्टिविटी भी नहीं होती। लिहाजा उसकी आंतरिक संरचना में उत्पत्ति के समय से ही कोई बदलाव नहीं आया है। इसका अध्ययन हमें ग्रहों के बनने और उनकी आंतरिक संरचना के निर्माण प्रक्रिया की जानकारी दे सकता है। दुनिया के देश इसलिए भी चांद पर पहुंचना चाहते हैं, क्योंकि वे डीप स्पेस स्टडी के लिए पायलट प्रोजेक्ट के रूप में इसका इस्तेमाल करना चाहते हैं। मंगल और अन्य ग्रहों तक भेजे जाने वाले स्पेसक्राफ्ट के लिए इसे लांच पैड की तरह प्रयोग किया जा सकता है। फिलहाल इंसान चांद पर बेस कैंप बनाने में दिमाग खपा रहा है। इसमें दो राय नहीं कि दुनिया का जो देश इस मामले में सबसे ज्यादा कामयाब होगा, चांद पर उसकी बादशाहत होगी। और यही वजह है कि दुनिया के सारे ताकतवर देश खूबसूरत चांद पर डीठ गड़ाए हैं। अमेरिका, भारत, चीन, रूस, जापान सहित दुनिया के कई देशों की स्पेस एजेंसियां दिन-रात में इस काम में लगी हैं। कामयाबी का क्राउन (ताज) किसके सिर बंधेगा, यह तो वक्त बताएगा।



बंदियों की होगी टीबी, यौन संचारी रोग, एचआईवी व हेपेटाइटिस बी/सी की जांच

# स्वास्थ्य के अधिकार के तहत बंदियों को भी मिले सेवाओं का लाभ : डीएम

**केटी न्यूज/बक्सर**

स्वास्थ्य के अधिकार के तहत समाज के सभी वर्गों और लोगों को इसका लाभ मिलना चाहिए। चाहे वो किसी भी परिस्थिति में हो। इसलिए बंदियों को भी स्वास्थ्य के अधिकार के अंतर्गत सेवाओं और सुविधाओं का लाभ मिलना चाहिए। उक्त बातें जिलाधिकारी अंशुल अग्रवाल ने बक्सर सेंट्रल जेल में आयोजित मेगा चिकित्सा जांच शिविर के दौरान कहीं।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोरोना काल के बाद सरकार बंदियों के स्वास्थ्य को लेकर तत्पर है। इसलिए माननीय सुप्रीम कोर्ट के निदेर्शानुसार नियमित रूप से चिकित्सा जांच शिविर लगाए जा रहे। इस एकीकृत जांच शिविर में टीबी, यौन संचारी रोग, एचआईवी व हेपेटाइटिस बी/सी की जांच होगी। यदि किसी बंदी की रिपोर्ट पॉजिटिव आती है तो उनका तत्काल इलाज शुरू किया जायेगा। साथ ही,



सरकार की ओर से मिलने वाली सेवाओं और सुविधाओं का लाभ भी उनको दिया जायेगा। उन्होंने सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा को इन चिकित्सा जांच शिविरों का नियमित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया।

**सभी जेलों में चिकित्सा शिविर का आयोजन होगा :** शिविर के उद्घाटन सत्र के दौरान सिविल सर्जन डॉ. सुरेश चंद सिन्हा ने बताया कि सरकार के निदेर्शों के अनुसार अब सेंट्रल जेल समेत सभी जेलों में स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य जांच शिविर लगाने का मुख्य उद्देश्य जेल में निरुद्ध बंदियों के स्वास्थ्य संबंधी बीमारियों का समय से इलाज कराना है। जिससे किसी भी बंदी को बीमारी से न जूझना पड़े और साथ ही बंदियों को बीमारी से होने वाले मानसिक तनाव से बचाना है।

**टीबी का जोखिम कम करने के लिए स्क्रीनिंग जरूरी :** वहीं, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ. शालिग्राम पांडेय ने बताया कि टीबी एक संक्रामक बीमारी है। एक टीबी का मरीज 10 स्वस्थ लोगों को संक्रमित कर सकता है। ऐसे में टीबी के संक्रमण से बंदी भी अछूते नहीं हैं। लैंसेट की एक रिपोर्ट के अनुसार सामान्य परिस्थिति के मुकाबले जेल में निरुद्ध बंदियों में टीबी का जोखिम पांच गुना अधिक होता है। जिसको देखते हुए सरकार ने जेल के बंदियों में भी टीबी और अन्य संक्रामक बीमारियों की स्क्रीनिंग कराने का निर्णय लिया है। टीबी के प्रसार को रोकने के लिए सबसे पहला कदम है उसकी जांच। इसलिए टीबी के जोखिम को कम करने के लिए स्क्रीनिंग जरूरी है। यह शिविर 17 अगस्त से दो सितंबर तक चलाया जाएगा।

इस अवसर पर सदर एसडीएम धीरेंद्र कुमार मिश्र, जेल सुपरिटेंडेंट राजीव कुमार, जिला यक्ष्मा केंद्र के डीपीसी कुमार गौरव, विजय यादव, एसके दास, उत्तम कुमार, राजीव कुमार, राहुल कुमार और मनीष कुमार श्रीवास्तव समेत जेल के अधिकारी, कर्मी और बंदी गण मौजूद रहें।

## रक्षाबंधन नजदीक आते ही बढ़ी बाजार की रौनक, बिक्री शुरू

**डुमरांव।** भाई-बहन के प्यार का पर्व रक्षाबंधन को लेकर बाजार में राखी का बाजार सज गया है। राखी की खरीदारी के लिए दुकानों पर महिलाओं व लड़कियों की भीड़ लगनी शुरू हो गयी है। रक्षाबंधन को लेकर बहनों में उत्साह है। इस बार डुमरांव के कारोबारी दिल्ली और कोलकात्ता के मंडियों से करीब 50 लाख रुपये की राखियों को मंगवाए है। व्यवसायी विजय साह, करीमन प्रसाद, मनीष कुमार, आदित्य केशरी, ज्योति पटवा, कृष्णा कुमार आदि बताते है कि ग्रामीण क्षेत्रों से इस मंडी में राखी की खरीदारी को लेकर ग्राहक पहुंचने लगे है, जिस वजह से थोक और खुदरा कारोबारी मालों को अच्छी खासी बेच रहे है। गोला रोड सहित अन्य मंडियों के अधिकतर राखी कारोबार से जुड़े दुकानदारों का कहना है कि इस बार फैंसी और जड़ी वाली महंगी राखियों की मांगों में इजाफा हुआ है। कलकत्ता और दिल्ली से आर्डर देकर तरह-तरह की फैंसी और जड़ी वाली राखियों को एक माह पहले ही मंगाया गया है। इस समय बाजार में पांच रुपये से लेकर 150 रुपये तक के राखी उपलब्ध है। जड़ी राखी, डोरी राखी, लंबा राखी, किड्स राखी और टाय राखी शामिल है।




## प्रखंड व अंचल कार्यालय के निरीक्षण के दौरान सख्त दिखे एडीएम, अंचल कर्मी का रोका वेतन

**केटी न्यूज/डुमरांव**

जिले के एडीएम तथा डुमरांव के पूर्व एसडीओ प्रमोद कुमार ने गुरूवार को डुमरांव प्रखंड व अंचल कार्यालय का निरीक्षण किए। इस दौरान उन्होंने प्रखंड कार्यलय में चल रहे कल्याणकारी योजनाओं तथा पंचायतों में बन रहे वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने शेष बचे पंचायतों में तेजी से कचरा प्रबंधन यूनिट का निर्माण कराने का निर्देश दिया। उन्होंने बीडीओ संदीप कुमार पांडेय से कई अन्य जानकारियां भी हासिल की तथा कचरा प्रबंधन इकाई के निर्माण व स्वच्छता अभियान को धरातल पर उतारने में डुमरांव प्रखंड प्रशासन की सरहाना की। इसके बाद वे अंचल कार्यालय पहुंचे जहां सीओ अंकित सिंह से दाखिल खारिज समेत अन्य कार्यां की समीक्षा की तथा राज्य में बेहतर रैंकिंग के लिए सीओ की तारीफ की। निरीक्षण के दौरान राजस्व कर्मी मनोहर कुमार के लंबित कार्यों तथा



सीओ द्वारा उसकी शिकायत से नाराज एडीएम ने तत्काल उसके वेतन पर रोक लगाने की अनुशंसा की और एक सप्ताह के अंदर अपने कार्यसंस्कृति में सुधार लाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जिस अंचल को पूरे सूबे में इतना बेहतर रैंक मिला है उसके कर्मी की ऐसी लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। एडीएम के इस निरीक्षण से प्रखंड व अंचल कार्यालय के कर्मियों की बेचैनी बढ़ी रही।

## मशरूम प्रशिक्षण कार्यक्रम में हिस्सा लेकर आत्मनिर्भर बनने के सीखे गुर

**केटी न्यूज/केसठ**

डॉ राजेन्द्र प्रसाद केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, पूसा के तत्वावधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन गुरुवार को केसठ मनसा टोला स्थित समुदायिक भवन में किया गया। इसमें 100 अनुसूचित परिवार को अवशेष आधारित सूक्ष्म उद्योगः मशरुम उत्पादन का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण का उदघाटन किसान लालबाबु कुशवाहा ने किया। मंच संचालन शंकर दयाल यादव एवं प्रशिक्षण आशुतोष कुमार पांडे, जंग बहादुर सिंह, सुधीर पाठक, कुमार प्रफुल्ल रंजन, हरीश चंद्र पासवान द्वारा किया गया। कृषि वैज्ञानिक डॉ दयाराम ने मशरुम की प्रजाति, उसके गुण, मशरुम से बने उत्पाद को दिखाया एवं मशरुम का हलुआ, कटलेट बनाकर किसानों को सिखाया। ताकि यहां की महिलाएं आत्मनिर्भर बनें। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गांव में ही रोजगार सृजन करने तथा मशरुम उत्पादन तकनीक के सभी कॉम्पोनेन्ट जैसे मशरुम बीज उत्पादन, मशरुम खाद उत्पादन एवं सालोभर मशरुम की खेती, मशरुम से बने विभिन्न उत्पाद की जानकारी दी गई। इस मौके पर किसान सलाहकार अमेंद्र कुमार, किसान मदन गोप, अरविंद कुमार,नकुल व अन्य मौजूद थे।






### गर्भवती पत्नी से मिलने ससुराल जा रहा था युवक, हुआ हादसे का शिकार

# तेज रफ्तार पिकअप की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के शाहपुर थाना क्षेत्र के सहजौली गांव के समीप बुधवार की रात तेज रफ्तार पिकअप ने बाइक में जोरदार ठोकर मार दी। उसमें बाइक पर सवार 30 वर्षीय एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसका दोस्त जख्मी हो गया। उसका इलाज शहर के प्राइवेट अस्पताल में कराया जा रहा है। मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के पियनियां गांव निवासी शरद शर्मा का बेटा विपिन शर्मा था। वहीं, हादसे में जख्मी हुआ उसका दोस्त गांव के निवासी हृदयानंद शर्मा का बेटा प्रदुम शर्मा है। हालांकि हादसे के बाद चालक पिकअप लेकर मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर उसका सदर अस्पताल में पोस्टमार्टम कराया।

मृत युवक के जीजा गौकरण शर्मा ने बताया कि उनका साले विपिन शर्मा की पत्नी गर्भवती है। कुछ दिन पूर्व वह अपने मायके शाहपुर थाने के दिलमनपुर गांव गई थी। बुधवार की रात वह पत्नी से मिलने के लिए अपने दोस्त प्रदुम के साथ बाइक से ससुराल जा रहा था। उसी दौरान सहजौली गांव के समीप तेज रफ्तार पिकअप ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई और बाइक पर पीछे बैठा उसका दोस्त प्रदुम शर्मा जख्मी हो गया। बताया जा रहा है कि विपिन शर्मा अपने माता पिता का इकलौता पुत्र और चार बहनों में चौथे स्थान पर था। उसके परिवार में पत्नी पूजा देवी, पुत्री वर्षा,अनन्या और पुत्र छोटू है। घटना के बाद उसके घर में हाहाकार मच गया है। पत्नी पूजा देवी सहित परिवार के सभी सदस्यों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## ट्रेन से गिरकर गई युवक की जान

**आरा।** दानापुर-पीडीडीयू रेलखंड पर कुल्हड़िया स्टेशन के समीप ट्रेन की चपेट में आने से बुधवार की रात 31 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी। मृतक बिहिया थाना क्षेत्र के पहरपुर गांव निवासी भरत पांडेय का बेटा आशुतोष कुमार पांडेय था। उसके दादा गुड्डू ओझा ने बताया कि वह सरकारी नौकरी की तैयारी कर रहा था। उसे लेकर प्रतियोगी परीक्षाओं की किताब लेने सुबह पटना जाने के लिए घर से निकला था। शाम में पटना से वापस लौट रहा था। उसी दौरान यह हादसा हो गया। उसके बाद रात करीब आठ बजे एक व्यक्ति ने गांव के लोगों को फोन कर इस घटना की जानकारी दी। जिसमें सूचना देने वाले ने बताया कि आशुतोष की ट्रेन से में मौत हो गयी है। परिजन सदर अस्पताल पहुंचे और पोस्टमार्टम गृह में जाकर शव को देख उसकी पहचान की।

## पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की पुण्यतिथि पर निकाली रैली

**जहानाबाद।** पर्वत पुरुष दशरथ मांझी की 16वीं पुण्य तिथि पर रैली का आयोजन किया गया। रैली का



उद्घाटन करते हुए हम पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सह एनडीए प्रत्याशी मखदुमपुर ई० देवेंद्र मांझी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस रैली में आसपास दलित में बाजा गाजा के साथ रैली में हिस्सा लिया। रैली मखदुमपुर के गांधी मैदान मखदुमपुर से चलकर मखदुमपुर बाजार होते हुए श्रीपुर होते हुए गांव नेर से पुनः मखदुमपुर बाजार होते हुए मतंग वन पलेया सागरपुर मोड़ पर पर्वत पुरुष दशरथ मांझी मुर्ति पर माल्यार्पण कर नगर पंचायत मखदुमपुर में सभा में तबदील हो गई। इस दौरान हम पार्टी के पंपी शर्मा राष्ट्रीय सचिव, प्रकाश कुमार प्रदेश मीडिया प्रभारी, अखिलेश दांगी, दशरथ मांझी के संघी अध्यक्ष राजाराम मांझी, सचिव लालदेव मांझी, कोषाध्यक्ष किशोरी मांझी, संचालक नागेश्वर मांझी, धर्मेंद्र मांझी, सुशील कुमार, दीपक कुमार, राजेश मांझी, धनंजय मांझी अन्य लोग भी शामिल थे।

## प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करें जिले के सभी अतिक्रमण के वादः डीएम

**जहानाबाद।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में सभी सीओ के साथ राजस्व कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।बैठक में ऑनलाईन मुटेशन, लगान वसूली, परिमार्जन, सीडब्लूजेसी, अभियान बसेरा, दखल-देहानी, अतिक्रमण, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण कार्यालय से प्राप्त अंचलवार अतिक्रमण की सूची, अधिकार अभिलेख, भू अर्जन, संस्थान निर्माण हेतु भूमि उपलब्धता, आरटीपीएस, सम्परिवर्तन, जिला जनता दरबार से संबंधित प्रतिवेदन पर विस्तार से समीक्षा किया गया।



जिलाधिकारी ने लोक शिकायत निवारण कार्यालय में दायर अतिक्रमण वादों को प्राथमिकता पर रखते हुए अतिक्रमण हटाने संबंधित टाइमलाइन बनाने तदनुसार अतिक्रमण हटाने हेतु आवश्यक कार्रवाई करने एवं अतिक्रमण मुक्त कराने के पश्चात यथासमय अनुपालन प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में सभी अंचल अधिकारियों को निदेशित किया गया कि लोक भूमि अतिक्रमण के मामलों विशेष कर मुख्यमंत्री जनता दरबार, जिला जनता दरबार एवं लोक शिकायत निवारण में आने वाले परिवादों को प्राथमिकता पर रखें।

टाइटल सूट के मामलों का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी द्वारा मुख्यमंत्री जनता दरबार में प्राप्त परिवादों का अनुपालन प्रतिवेदन यथाशीघ्र उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। सभी अंचल अधिकारियों को सीडब्ल्यूजेसी एवं एमजेसी के मामलों की अद्यतन स्थिति प्रस्तुत करने तथा ससमय प्रतिशपथ दायर करने का निर्देश दिया गया।






## छात्र की पिटाई के मामले में प्रधानाध्यापक व सहायक अध्यापक सस्पेंड

बलिया। छात्र की पिटाई किए जाने के मामले में खंड शिक्षा अधिकारी मनियर पवन कुमार सिंह की संस्तुति के आधार पर बीएसए बलिया मनीष कुमार सिंह ने उच्च प्राथमिक विद्यालय के प्रधानाध्यापक भगवान राम, सहायक अध्यापक वीरेंद्र को निलंबित कर दिया है एवं अनुदेशक संतोष कुमार को भी बराबर का दोषी मानते हुए उनका वेतन तत्काल प्रभाव से अग्रिम आदेश तक बाधित करते हुए बीआरसी बेरूरबारी से संबंध कर दिया है। निलंबन अवधि में श्री भगवान राम प्राथमिक विद्यालय नंबर 2 शिक्षा क्षेत्र नगरा एवं वीरेंद्र को उच्च प्राथमिक विद्यालय रामपुर कोड़हरा शिक्षा क्षेत्र मुरली छपरा से संबद्ध किया गया है। पीड़ित छात्र अर्जुन राजभर के पिता शिवजी राजभर पुत्र शिवनाथ राजभर निवासी बड़ागांव की तहरीर पर मनियर पुलिस ने आरोपी अध्यापक वीरेंद्र कुमार एवं अनुदेशक संतोष कुमार के विरुद्ध मनियर थाने में धारा 323 एवं 506 के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है। अर्जुन राजभर के पिता शिवजी राजभर ने आरोप लगाया है कि मेरा लड़का अर्जुन राजभर तथा अपने गांव के ही शंभू राजभर पुत्र सत्येंद्र राजभर के साथ पढ़ने के लिए बुधवार को उच्च माध्यमिक विद्यालय बड़ागांव में गया था। दोनों कक्षा आठ के छात्र हैं। विद्यालय के सहायक अध्यापक वीरेंद्र कुमार एवं अनुदेशक संतोष कुमार ने उन्हें लाठी से बुरी तरह से गर्दन, पीठ एवं पैर पर पीटे।

## किसानों को लाभ न देने वाले शाखा प्रबंधकों पर होगी एफआईआर

# सहायक निबंधक सहकारिता का डीएम ने रोका वेतन, किया शो-कॉज

**केटी न्यूज/बलिया**

जिलाधिकारी रविंद्र कुमार की अध्यक्षता में किसान दिवस की समीक्षा बैठक बुधवार को कृषि भवन सभागार में किसान और विभागीय अधिकारियों के साथ आयोजित की गई। जिलाधिकारी की पहल पर इस भवन में यह पहली बैठक थी। इसमें किसानों ने अपनी-अपनी समस्याएं जिलाधिकारी के सामने रखी और उन्होंने संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा निर्देश जारी किया।

किसानों ने बिजली से संबंधित, जिसमें बिजली से चलने वाले सरकारी नलकूप और ट्रांसफार्मर के केबल सहित अन्य समस्याएं थी जिस पर जिलाधिकारी ने बिजली विभाग के अधिशासी अभियंता को तत्काल समस्या को निस्तारण करने का निर्देश दिए। किसानों ने बाजार में यूरिया को तय रेट से अधिक रेट पर बेचने की शिकायत की तथा बताया कि सहकारी समितियों और डीलरों की मनमानी चल रही है। इस पर



■ जिलाधिकारी ने किसान दिवस की समीक्षा के दौरान जताई नाराजगी

जिलाधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को इस मामले में कार्रवाई करने के निर्देश दिए तथा कहा कि मैंने डीलरों और रिटेलर्स से इस संबंध में बैठक की थी उन्होंने कहा कि आगे ऐसी शिकायत मिलेगी तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। हर घर नल जल योजना में खराब हुई पाइप का मुद्दा किसानों ने उठाया तो

जिलाधिकारी ने संबंधित कार्यदायी संस्था को सही करने के निर्देश दिए। किसानों ने कृषि विज्ञान केंद्र में किसानों के प्रशिक्षण का मुद्दा उठाया तो जिलाधिकारी ने कृषि विज्ञान केंद्र के अधिकारी को चेतावनी दी कि अगर सही से काम नहीं हुआ तो सभी कर्मचारियों का वेतन रोक दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि अगली बैठक में आपकी प्रगति रिपोर्ट लूंगा और जरूरत पड़ी तो कृषि विज्ञान केंद्र का निरीक्षण भी करूंगा। एक किसान का गलत बिजली बिल आने पर बिजली विभाग के अधिकारी को कार्यवाही करने के निर्देश दिए। कुछ किसानों की समस्याओं का निस्तारण जिलाधिकारी ने मौके पर फोन कर-के कर दिया। जिलाधिकारी ने सभी बैंकों के शाखा प्रबंधकों को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि जिन किसानों का प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का प्रीमियम किसान क्रेडिट कार्ड के माध्यम से काट लिया गया है यदि उन किसानों को इसका लाभ नहीं मिलेगा तो संबंधित बैंक के शाखा प्रबंधक पर एफआईआर दर्ज कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने बैठक में अनुपस्थित सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंधक सहकारिता से स्पष्टीकरण एवं वेतन अवरुद्ध किए जाने का निर्देश दिया। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रवीण वर्मा, जिला कृषि अधिकारी पवन कुमार प्रजापति सहित अन्य अधिकारी एवं किसान मौजूद थे।

## बलिया जिलाधिकारी ने लिया कटानरोधी कार्यों का जायजा

**बलिया।** जिलाधिकारी रविंद्र कुमार बृहस्पतिवार को सुरेमनपुर दियारांचल के गोपाल नगर टाड़ी गांव में चल रहे हैं कटानरोधी कार्यों एवं कटान से पीड़ित परिवारों से मिलने पहुंचे। यहां गांव के सामने घाघरा नदी से तेजी से कटान हो रहा है, जिससे गांव के कुछ परिवार कटान की जद में आ गए हैं। जिलाधिकारी ने एसडीएम आत्रेय मिश्रा को निर्देश दिया कि फिलहाल कटान से प्रभावित परिवारों को घर खाली कराकर उनको दूसरी जगह सुरक्षित स्थानों पर रहने की वैकल्पिक व्यवस्था बनाई जाए। उन्होंने कहा कि रात को पानी कभी भी तेजी से बढ़ सकता है इसलिए रिस्क लेने की जरूरत नहीं है। उन्होंने वहां के लेखपाल और एसडीएम को खतौनी देखकर घर छोड़ने वाले लोगों के लिए स्थाई जमीन की भी व्यवस्था करने और आवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने एसडीएम से कहा कि यह कार्य हो जाएगा तो शासन के लिए एक बड़ी उपलब्धि होगी। जिलाधिकारी ने बाढ़ खंड के अधिशासी अभियंता को कटान वाले स्थान बंबू क्रेट विधि से चल रहे कटानरोधी कार्यो में तेजी लाने के निर्देश दिए। अधिशासी अभियंता ने कहा कि जहां पर कार्य करना था वहां कार्य तेजी से हो रहा है। उन्होंने अधिशासी अभियंता से अगले साल वहां पर पक्की परियोजना लगाने के निर्देश दिए, जिससे लोगों को बाढ़ की समस्या से हमेशा के लिए निजात मिल सके।

## जेएनसीयू में किसानों के लिए हाईटेक नर्सरी की होगी स्थापना



**केटी न्यूज/बलिया**

जननायक चंद्रशेखर विश्वविद्यालय में सब्जियों के संकर पौधो के स्वस्थ एवं उन्नत किस्मों की नर्सरी किसानों को उपलब्ध कराने के लिए हाईटेक नर्सरी की स्थापना होगी। उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री ने अपने जयप्रकाशनगर आगमन में बलिया जनपद को सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में एक हब के रूप में विकसित करने की घोषणा की थी। उनके इस निर्देश के क्रम में कमिश्नर द्वारा पहल की गयी थी, जिससे जेएनसीयू को इस क्षेत्र में महत्त्वपूर्ण भूमिका प्रदान करते हुए एक हाईटेक नर्सरी शासन से स्वीकृत हुई थी।

इस नर्सरी की स्थापना के लिए जिला उद्यान अधिकारी अलका श्रीवास्तव ने जेएनसीयू के कुलपति प्रोफेसर संजीत कुमार गुप्ता के साथ बुधवार को विश्वविद्यालय परिसर में स्थलीय पर्यवेक्षण किया। जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि शीघ्र ही एक प्रस्ताव मुख्य विकास अधिकारी/ जिलाधिकारी को भेजा जाएगा। टमाटर, बैगन, फूलगोभी, बंदगोभी, मिर्च आदि मौसमी सब्जियों की खेती के लिए किसानों को उन्नत एवं स्वस्थ किस्म के पौधों को उपलब्ध कराना इस नर्सरी का उद्देश्य होगा। उल्लेखनीय है कि इंडो- इजरायल समझौते के अंतर्गत उद्यान विभाग के द्वारा सब्जियों की खेती बिना भूमि के उपयोग के एक कृत्रिम वातावरण (पॉलीहाउस) में करने के लिए एक परियोजना पायलट मोड में कृषि विवि, सरकारी कृषि फार्मों एवं उन विवि में जहाँ कृषि की पढाई होती है चलाई जा रही है। सब्जियों के उत्पादन में सबसे महत्त्वपूर्ण योगदान बीज और पौधों का होता है।

## जो देश की विरासत को नमन नहीं करता वह विकसित नहीं हो सकता

**बलिया।** चितबडागांव क्षेत्र के जमुना राम स्नातकोत्तर महाविद्यालय चितबड़ागांव के सभागार में गुरुवार को ३युवा संवाद भारत३ कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए पंच प्रण - विकसित भारत का निर्माण, गुलामी की हर सोच से मुक्ति, विरासत पर गर्व, एकता-एकजुटता तथा नागरिक कर्तव्य पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के बीच युवा संवाद प्रस्तुत किया गया। संवाद के क्रम में बहुत से छात्र-छात्राओं द्वारा अपने अभिभाषण किए गए।

संवाद के पूर्व कार्यक्रम का प्रारंभ मुख्य अतिथि सांसद विरेन्द्र सिंह मस्त द्वारा मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया तथा महाविद्यालय के प्रबंधक प्रोफेसर धर्मात्मानंद गुप्ता द्वारा मुख्य अतिथि वीरेंद्र सिंह मस्त को माल्यार्पण कर एवं अंगवस्त्रम द्वारा सम्मानित किया गया तथा महाविद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर तुषारनंद द्वारा कार्यक्रम के विशेष अतिथि पूर्व कुलपति प्रोफेसर लल्लन सिंह को माल्यार्पण एवं अंगवस्त्रम से स्वागत एवं सम्मानित किया गया। संवाद के अगले क्रम में मुख्य अतिथि सांसद ने प्रधानमंत्री मोदी जी के विकसित भारत हेतु दिए गए पंच प्रण मंत्र के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि जो देश अपने विरासत को नमन नहीं करता वह विकसित नहीं हो सकता।

## 75 शहीदों के परिजनों को मिलेगा इलेक्ट्रिक स्कूटर

**बलिया।** आजादी के अमृत महोत्सव के तहत बलिया बलिदान दिवस के गौरवशाली पल पर जनपद के 75 शहीद परिवारों के परिजनों को इलेक्ट्रिक स्कूटर का वितरण किया जाएगा। प्रदेश सरकार के परिवहन मंत्री व नगर विधायक दयाशंकर सिंह व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर शहीद परिवारों के परिजनों को ई-स्कूटर का वितरण करेंगे। इसका आयोजन बलिया बलिदान दिवस के कार्यक्रम के साथ ही किया जाएगा। वितरण के लिए सभी स्कूटर 18 अगस्त तक जिले में पहुंच जाएगा।

गौरतलब है कि उत्तर प्रदेश में इलेक्ट्रिकल व्हीकल इकोसिस्टम का



सृजन करने के लिए बृहद स्तर पर प्रयास किया जा रहा है। इसे लेकर पिछले दिनों परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने लखनऊ में अशोक लेलैंड, हिन्दुजा समूह व अन्य कंपनियों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक भी की थी। ऐसे में मंत्री दयाशंकर सिंह के अनुरोध पर इन्हीं कंपनियों के लोग जिले के सेनानी परिवारों में वितरण के लिए स्कूटर उपलब्ध करा रहे हैं। इसके लिए जिला प्रशासन सेनानी परिवारों की सूची बनाने में लग गया है। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने कहा कि पूरा देश आजादी का अमृत महोत्सव मना रहा है। ऐसे में देश की आजादी में जिन लोगों ने अपने प्राणों की आहूति दी है उनके परिजनों को सम्मानित करने के उद्देश्य से ही इस तरह का आयोजन किया जा रहा है। कहा कि केंद्र की मोदी सरकार पूरे देश में इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देने में लगी है। इस क्रम में प्रदेश सरकार भी लगातार प्रयास कर रही है।










## डीडीयू जंक्शन सहित 15 स्टेशनों पर सीपीए का उद्घाटन

डीडीयू नगर। पंडित दीनदयाल उपाध्याय जंक्शन सहित पीडीडीयू मंडल के 15 रेलवे स्टेशनों पर आईपी आधारित केंद्रीय पब्लिक अनाउंसमेंट सिस्टम का शुरूआत की गई है। इस सिस्टम की स्थापना हो जाने से इन स्टेशनों पर लगे पब्लिक एड्रेस सिस्टम का एकीकरण हो गया है। इससे यात्रियों को ट्रेनों की सटीक जानकारी मिलेगी। वहीं अन्य जानकारी भी मिल सकेगी। बुधवार की शाम डीआरएम ऑफिस से पूर्व मध्य रेलवे के महाप्रबंधक ने इस सिस्टम का उद्घाटन किया। अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत स्टेशनों पर सुविधाओं को बढ़ाया जा रहा है। इसी क्रम में डीडीयू मंडल के डीडीयू जंक्शन सहित डेहरी ऑन सोन, सासाराम, अनुग्रह नारायण रोड, भभुआ रोड, रफीगंज, गुरारू, हैदर नगर, जपला, कुदरा, मोहम्मदगंज, नबीनगर रोड, बिक्रमगंज, चंदौली मझवार, दुर्गावती, पीरो स्टेशनों पर आईपी आधारित इस केंद्रीय पब्लिक एड्रेस सिस्टम की शुरूआत की गई है। इस आधुनिक सिस्टम का उद्देश्य केंद्रीय नियंत्रण कक्ष से किसी भी रेलवे स्टेशन या रेलवे स्टेशनों के समूह में यात्रियों और कर्मचारियों के लिए स्वचालित और मैन्युअल ध्वनि घोषणा प्रसारित करना है।

### ग्रामीणों ने जिला प्रशासन व पीडब्ल्यूडी विभाग पर लगाए गंभीर आरोप

# बिना नोटिस घर तोड़ने को लेकर लोगों ने रोका पूर्व सपा विधायक का काफिला

**केटी न्यूज/चंदौली**



जनहित के मुद्दे पर मुखर रहने वाले समाजवादी नेता व सैयदराजा के पूर्व विधायक मनोज सिंह डब्लू का काफिला गुरुवार को फगुईयां गांव के ग्रामीण ने रोक लिया। इस दौरान ग्रामीण जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी विभाग पर कई गंभीर आरोप लगाए। कहा कि बिना नोटिस व मुआवजा के उनका घर तोड़ा जा रहा है। प्रभावित ग्रामीणों को जमीन के बदले जमीन और उचित मुआवजा मिले बगैर हम सभी अपना घर उजड़ने नहीं देंगे। इस पर सपा नेता मनोज कुमार सिंह डब्लू ने ग्रामीणों की बात जिलाधिकारी तक पहुंचाने का भरोसा दिया। कहा कि यदि जिला प्रशासन ग्रामीणों की बात नहीं सुनता है तो अगले रविवार से बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान ग्रामीणों ने मनोज सिंह डब्लू को बताया कि चंदौली-सैदपुर मार्ग नक्शे में 26 फीट चौड़ा है। चौड़ीकरण में सड़क के एक तरफ 44 फीट का विस्तार किया जा रहा है यानी दोनों तरफ कुल 88 फीट सड़क चौड़ी होगी। जिसमें फगुईयां समेत सैदपुर घाट तक हजारों ग्रामीणों का मकान, दुकान व जमीन अधिग्रहित की जा रही है। सड़क चौड़ीकरण के नाम पर जमीन को जबरन अधिग्रहित करने व मकानों को ध्वस्त करने का प्रयास पीडब्ल्यूडी विभाग कर रहा है। ग्रामीणों को न तो मुआवजा मिला और ना ही किसी तरह की नोटिस ही दी गई। वहीं कुछ ग्रामीणों ने बताया कि जिस जमीन व मकान को सड़क चौड़ीकरण के लिए लिया जाना है उसके सिवाय उनके पास कुछ भी नहीं है। ऐसे में जिला प्रशासन को जमीन के बदले जमीन की व्यवस्था की जानी चाहिए, ताकि हम सभी का आशियाना ना छिन सके। ग्रामीणों की पीड़ा सुनने के बाद सपा नेता मनोज सिंह डब्लू ने शुक्रवार को ग्रामीणों की बातों व मांगों को लेकर जिलाधिकारी निखिल टीकाराम फुंडे से मुलाकात करने की बात कही। साथ ही यह भी भरोसा दिया कि यदि जिला प्रशासन ग्रामीणों की मांगों को नहीं मानता है तो अगले रविवार से ग्रामीणों के साथ आंदोलन किया जाएगा। किसी भी हाल में गरीब ग्रामीणों संग ज्यादती नहीं होने दी जाएगी। कहा कि बिना नोटिस के ग्रामीणों का घर उजाड़ना गैरकानूनी है। पीडल्यूडी विभाग को ऐसा नहीं करना चाहिए। ग्रामीणों का मुद्दा गंभीर है और उनकी मांगें जायज है। इस बात को मजबूती के साथ रखा जाएगा कि जिला प्रशासन उन गरीब ग्रामीणों को जमीन के बदले जमीन उपलब्ध कराकर विस्थापन की प्रक्रिया को पूर्ण करने के बाद ही सड़क चौड़ीकरण के कार्य को आगे बढ़ाए।

## वाहनों में भर कर शराब बिहार ले जाते तीन तस्कर गिरफ्तार

**चंदौली।** जनपद के सैयदराजा थाना क्षेत्र के नौबतपुर पिकेट ड्यूटी पर चेकिंग के दौरान बुधवार देर रात्रि व गुरुवार सुबह को दो गाड़ियों में शराब लादकर बिहार जा रहे चार पहिया वाहन को पकड़ा और तीन तस्करों को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया।

बुधवार की देर रात्रि में नौबतपुर चेकिंग के दौरान चंदौली की तरफ से आ रही एक कार को चेकिंग किया गया तो उसमें लगभग 216 लीटर शराब बरामद हुआ गुरुवार की सुबह पिकेट पर चेकिंग के दौरान कार में लादकर बिहार ले जा रहे 1400 लीटर बियर व 239 लीटर शराब बरामद किया और दोनों कार से तीन शराब तस्कर मगन पांडेय भरकर, लिलेंद्र राम पुसौली,विश्वजीत कुमार पानापुर थाना मोहनिया जनपद कैमूर बिहार के निवासी को गिरफ़्तार कर जेल भेज दिया। सैयदराजा कोतवाल संतोष सिंह ने बताया की तीन तस्करों को गिरफ़्तार किया गया है और लगभग साढ़े पांच लाख की शराब बरामद की गई है और शराब तस्करों को संबंधित धारा में मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया गया। वहीं, उनकी निशानदेही पर धंधे में शामिल बदमाशों के लिए छापेमारी जारी है।

## नई दिल्ली में पीएम के हाथों सम्मानित हुए सोनवल के छात्र संजीत सिंह कुशवाहा

**गाजीपुर।** जनपद के सोनवल निवासी इंटर के छात्र संजीत सिंह कुशवाहा को नई दिल्ली में अमृत महोत्सव कार्यक्रम में विचारों के श्रेष्ठता के लिए पूरे देश से 36 तथा प्रदेश से तीन छात्रों में चयनित संजीत सिंह कुशवाहा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के हाथों सम्मानित होने पर भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य सुनील सिंह और मंडल अध्यक्ष अरविंद राय ने उनके घर जाकर बधाई देते हुए सम्मानित किया। इस मौके पर सुनील सिंह ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर राजस्थान के जयपुर में मजदूरी करके परिवार का जीविकोपार्जन कर रहे संजीत के पिता संजीव सिंह कुशवाहा बहुत ही भाग्यशाली हैं। जिन्होंने होनहार पुत्र को जन्म दिया है। जिसने गाजीपुर का नाम पूरे देश में रौशन किया है। संजीत की प्रतिभा और शिक्षा का जुनून ने यह सिद्ध कर दिया है कि आभाव का प्रभाव कभी योग्यता को रोक नहीं सकता। संजीत तीन भाई बहनों में अकेला बड़ा भाई है। बाकी दो छोटी बहनें हैं।




## बच्चों से भरी स्कूली बस व ट्रक की भिड़ंत में 18 बच्चे जख्मी

**गाजीपुर।** जनपद के मरदह थाना के मटेहु पुलिस चौकी के पास फोरलेन पर (गलत लेन) मऊ की तरफ बच्चों को लेकर जा रही स्कूली बस सामने से आ रहे ट्रेलर ट्रक से टक्करा गई। दुर्घटना में लगभग 18 बच्चे घायल हो गए। जिससे बच्चों के चीख –पुकार से हड़कंप मच गया। घायल बच्चों के परिजनों ने पहुंचकर विभिन्न अस्पतालों में ले जाकर बच्चों का उपचार कराया। घटना के संदर्भ में अभिभावकों ने मरदह थाने में बस चालक द्वारा गलत लेन पर बस ले जाने से एवं स्कूल संचालक की लापरवाही पूर्ण व्यवस्था के कारण दर्घटना होने की तहरीर दी है। बताया जाता है कि मरदह थाना के कई गांवों के बच्चे अमृत पब्लिक स्कूल मऊ स्कूल की बस से पढ़ने जाते हैं। आज बच्चों को लेकर स्कूल की बस सुबह मऊ स्कूल पर जा रही थी। बस चालक गलत लेन से चलने के कारण ट्रेलर से टक्करा गया। हादसे में अंश सिंह (07), प्रीति सिंह– 14, अवनी सिंह–06, आयुष सिंह–09, नितिन गुप्ता–14 निवासी गाई, आर्या सिंह– 14, आकृति सिंह–13, देवांशी सिंह–15 समेत कई बच्चे घायल हो गए। दुर्घटना की सूचना पर घटना स्थल पर पहुंचे अभिभावकों ने अपने बच्चों को विभिन्न स्थानों पर ले जाकर उपचार कराया। सभी बच्चों को उपचार के बाद घर भेजा गए।

## अधिवक्ताओं ने की जनप्रतिनिधियों के खिलाफ नारेबाजी


**केटी न्यूज/चंदौली**



जिला न्यायालय एवं जिला मुख्यालय निर्माण का आंदोलन बृहस्पतिवार को अनवरत जारी रहा। इस दौरान अधिवक्ताओं ने राष्ट्रगान के बाद चंदौली कचहरी परिसर का चक्रमण किया। साथ ही जिला प्रशासन व स्थानीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ विरोध में जमकर नारेबाजी भी की। इस अवसर पर अधिवक्ता पंकज सिंह ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति अधिवक्ताओं के सम्मान की लड़ाई लड़ रही है, जिसमें जनपदवासियों का भी सम्मान समाहित है।

संघर्ष समिति के फैसले का हर अधिवक्ता सम्मान करता है और उनको शाबाशी देता है। विपरीत परिस्थितियों में भी शासन-प्रशासन के लाख दबाव के बाद भी संघर्ष समिति ने घुटने नहीं टेका और जिले को उसका हक दिलाने के लिए लड़ाई लड़ती रही। इस दौरान आम आदमी पार्टी के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पाठक ने कहा कि न्यायालय निर्माण संघर्ष समिति का जो भी फैसला होगा हम अधिवक्ता इनके साथ सदैव रहेंगे और आगे भी इनका साथ देते हुए हर लड़ाई लड़ेंगे। उज्ज्वल सिंह ने कहा कि फेसबुक पर और भाषणों में लोग बड़ी-बड़ी बातें तो कर लेते हैं, लेकिन जमीन पर जब कोई लड़ाई लड़नी होती है तो किसी का पता नहीं चलता है। यह लड़ाई मातृभूमि की अस्मिता की लड़ाई है। इसमें हर जनपदवासी को संघर्ष समिति का साथ देना चाहिए एवं मातृभूमि का कर्ज भी उतारने का भी यह सुनहरा अवसर मिला है जिसको हर व्यक्ति को आगे आकर इस लड़ाई में सहयोग देना चाहिए। उसके बाद सभा समाप्ति की घोषणा राजेश दीक्षित व संचालन सुजीत सिंह ने किया। मौके पर सैकड़ों की संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहें।






## घोसी के उप निर्वाचन हेतु 17 उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन पत्र

# अंतिम दिन 13 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**केटी न्यूज/मऊ**

विधानसभा उप निर्वाचन 2023 के तहत जनपद के विधानसभा क्षेत्र घोसी में होने वाले उप निर्वाचन हेतु नामांकन के अंतिम दिन भी 02 नामांकन पत्रों की बिक्री हुई। रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र घोसी सुरेश कुमार ने बताया कि नामांकन के अंतिम दिन आज 13 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया। इस प्रकार विधानसभा क्षेत्र घोसी के उप निर्वाचन हेतु कुल 17 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किए हैं।

गुरुवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख प्रत्याशियों में समाजवादी पार्टी से सुधाकर सिंह ने चार सेट में, अफरोज आलम ने जन अधिकार पार्टी से दो सेट में, पीस पार्टी से 2 प्रत्याशियों क्रमशः सनाउल्लाह आजमी एवं सलाउद्दीन अंसारी ने एक सेट में, रविंद्र प्रताप सिंह ने बहुजन मुक्ति पार्टी से एक सेट में, डॉ. चंद्रजीत ने निर्दल से एक सेट में, अरविंद कुमार चौहान ने निर्दल से एक सेट में, ओम प्रकाश चौहान ने राष्ट्रीय जनवादी पार्टी से एक सेट में, विनय कुमार ने निर्दल से एक सेट में, रमेश पांडेय ने निर्दल से एक सेट में, इस्माइल अंसारी ने आवामी पिछड़ा पार्टी से एक सेट में, अरविंद कुमार राजभर ने सुहेलदेव स्वाभिमान पार्टी से एक सेट में तथा राम अवतार गुप्त ने निर्दल से एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया गया।

उन्होंने बताया कि 10 अगस्त 2023 से प्रारंभ नामांकन प्रक्रिया में कुल 17 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र दाखिल किया गया है। उन्होंने बताया कि नामांकन पत्र दाखिल का कार्य शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। इसके साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि कल दिनांक 18 अगस्त को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी तथा 21 अगस्त को नाम वापसी एवं चुनाव चिन्ह का आवंटन किया जायेगा। नामांकन पत्र दाखिल के दौरान माननीय निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त पर्यवेक्षक भी उपस्थित रहे।



### सपा प्रत्याशी व पुलिस के बीच धक्का मुक्की

**मऊ।** कलेक्ट्रेट में पुलिस प्रशासन से धक्का–मुक्की के बाद समाजवादी पार्टी का नामांकन हुआ। उपचुनाव में सपा प्रत्याशी सुधाकर सिंह ने अपना नामांकन किया। नामांकन करने जा रहे सपा प्रत्याशी और पुलिस में अंदर जाने को लेकर धक्का मुक्की हुई। पुलिस वाले हाथ जोड़ते रहे और सपा प्रत्याशी अंदर जाने की जिद पर अड़े हुए थे। सपाइयों ने पुलिस प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि सत्ता पक्ष के दारा सिंह चौहान के साथ जाने वालों को किसी ने नहीं रोका और हम समाजवादियों को सत्ता पक्ष के दबाव की वजह से यहां तक की प्रस्तावक रहे जिलाध्यक्ष को भी पुलिस प्रशासन द्वारा अंदर जाने से रोका गया। सपाइयों ने कहा कि जनता सब जानती है आने वाले 5 सितंबर को बीजेपी के सारे घमंड को चूर चूर कर देगी।

## आरक्षी अविनाश धर दूबे हुए सम्मानित

**मऊ।** एसओजी में तैनात व तेज तर्रार आरक्षी अविनाश धर दूबे को स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर पुलिस महानिदेशक विजय कुमार द्वारा प्रदत्त प्रशंसा चिन्ह रजत पदक (सिल्वर मेडल) अपर पुलिस महानिदेशक वाराणसी जोन राम कुमार ने प्रदान किया।बता दें कि जनपद के कई थानों पर तैनात आरक्षी अविनाश धर दुबे अपनी कार्यशैली व मृदुभाषी स्वभाव के साथ कड़ी मेहनत के बल पर हमेशा जिले के प्रशासनिक अधिकारियों के चहेते बने रहे। यही नहीं जिस भी थाने पर तैनात रहे तो अपने हल्के व बीट में किसी भी तरह के होने वाले अपराधिक घटनाओं पर नियंत्रण रखते हैं। इनकी इस मेहनत व कार्यप्रणाली की चर्चा अन्य पुलिस कर्मियों के साथ साथ क्षेत्रवासियों द्वारा जगजाहिर था। दुबे की कार्य प्रणाली को देख उन्हें सम्मानित किया गया। इससे जनपद के सभी आरक्षियों में खुशी वयाप्त है।

## चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का प्रथम रेंडमाइजेशन संपन्न



**मऊ।** घोसी विधानसभा उप निर्वाचन के तहत होने वाले उप निर्वाचन के दृष्टिगत चुनाव ड्यूटी में लगे कार्मिकों का प्रथम रैंडमाइजेशन का कार्य आज कलेक्ट्रेट परिसर स्थित एन आई सी कक्ष में संपन्न हुआ।

चुनाव ड्यूटी में लगे कुल 2608 कार्मिकों के प्रथम रेंडमाइजेशन के उपरांत पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम हेतु कुल 1150 कार्मिकों का चयन हुआ, जिन्हे चुनाव पूर्व प्रथम प्रशिक्षण दिया जाएगा। शेष कार्मिकों का प्रशिक्षण द्वितीय रैंडमाइजेशन के उपरांत दिया जाएगा। ज्ञातव्य है कि विधानसभा क्षेत्र घोसी के उप निर्वाचन हेतु कुल 455 बूथों पर मतदान संपन्न होना है। इस दौरान पुलिस प्रेक्षक, जिलाधिकारी अरुण कुमार, मुख्य विकास अधिकारी प्रशांत नागर, उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुशील लाल श्रीवास्तव उपस्थित रहे।

## उपचुनाव में भाजपा की होगी बड़ी जीत

**मऊ।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने नामांकन समाप्त होने के बाद भाजपा की बड़ी जीत का दावा किया। ओपी राजभर ने कहा कि 2022 के विधानसभा चुनाव में घोसी सीट पर सपा इसलिए विजय रही क्योंकि हम और दारा सिंह चौहान साथ में थे। तब सपा ने 1 लाख 8 हजार 411 मत प्राप्त किया था। भाजपा 86 हजार मत पाकर दूसरे नम्बर पर थी। अब वर्तमान समय में सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी भाजपा का समर्थन कर रही है और खुद दारा सिंह चौहान भाजपा के प्रत्याशी हैं। ऐसे में सपा चुनाव में कहां खड़ी है, यह जनता भी जानती है। उन्होंने कहा कि सपा सुप्रीमो के कथनी और करनी में बड़ा अंतर है। उन्होंने कभी भी अति पिछड़े समाज का भला नहीं चाहा और न ही उनके हित में कोई कार्य किया है। मतगणना के बाद भाजपा भारी मतों से जीतेगी।







